Dainik Bhaskar (16.03.2016)

कैंपस ड्राइव : कंपनियों ने 200 स्टूडेंट का लिया इंटरव्यू

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित कैंपस ड्राइव में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से आईटी क्षेत्र में परामर्श व तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी नागारो द्वारा विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें चार शिक्षण संस्थानों से लगभग 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. विक्रम सिंह ने बताया कि यह अभियान कंपनी द्वारा ट्रेनी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की भर्ती के लिए रखा गया था, जो कंप्यूटर साइंस, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स संकायों में बीटेक एवं एम टेक के अलावा एमसीए के वर्ष 2016 बैच के विद्यार्थियों के लिए था। कंपनी द्वारा विद्यार्थियों को लगभग 3.5 लाख रुपए के प्रारंभिक वेतन की पेशकश की गई। उन्होंने बताया प्लेसमेंट में हिस्सा लेने के लिए वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अलावा मानव रचना कालेज आफ इंजीनियरिंग, फरीदाबाद एचएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, दिल्ली व गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी, दिल्ली से लगभग 650 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें से 200 विद्यार्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इसके परिणाम एक सप्ताह बाद घोषित किए जाएंगे।

व्यक्तित्व विकास के सिखाए गुण

एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आई-पावर के चीफ कोच सिस्ता मूर्ति ने कैरियर निर्माण में व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ संचार कौशल, ज्ञान अर्जन व व्यक्ति की मनोस्थिति एक अच्छे व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। मानसिक रूप से मजबूत व्यक्तित्व ही क्षमता के अनुसार अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. संदीप ग्रोवर ने की। कार्यक्रम का आयोजन कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. अरविंद गुप्ता की देखरेख में किया गया।

Hindustan Hindi (16.03.2016)

'बेहतर करियर के लिए सही व्यक्तित्व जरूरी'

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को एक दिवसीय पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के करियर परामर्श प्रकोष्ठ की ओर से हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भावी चुनौतियों से निपटने और व्यक्तित्व सुधार के टिप्स दिए गए।

Hindustan Hindi (16.03.2016)

वाईएमसीए कैंपस ड्राइव में नौकरी को जुटे युवा

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को कैंपस ड्राइव का आयोजन हुआ। आईटी क्षेत्र में परामर्श तथा तकनीकी सेवा देने वाली कंपनी नागारो की ओर से हुए इस पूल कैंपस ड्राइव में फरीदाबाद सहित दिल्ली-एनसीआर के युवाओं ने भी हिस्सा लिया।

चयनित प्रतिभागियों की सूचना कंपनी की तरफ से बाद में दी जाएगी। विभिन्न कोर्सों के विद्यार्थियों के लिए लगाए गए इस कैंपस ड्राइव में कंपनी की तीन सदस्यीय चयन समिति ने प्रक्रिया पूरी की। प्रक्रिया के दौरान युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अवसर

- दो सौ युवाओं ने नौकरी के लिए दिया साक्षात्कार
- लिखित परीक्षा और साक्षात्कार पर होगी नियुक्ति

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अलावा फरीदाबाद से मानव रचना कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, फरीदाबाद एचएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गुरू तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली सहित कई संस्थानों से विद्यार्थी पहुंचे।

Dainik Jagran (16.03.2016)

कैंपस सलेक्शन में विद्यार्थियों को मिला साढ़े तीन लाख का पैकेज

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के सहयोग से आइटी क्षेत्र में परामर्श तथा तकनीकी सेवा प्रदाता कंपनी नागारो ने विद्यार्थियों के लिए कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। इसमें चार शिक्षण संस्थानों से लगभग 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कंपनी ने विद्यार्थियों को लगभग 3.5 लाख रुपये के प्रारंभिक वेतन की पेशकश की है। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि यह अभियान कंपनी ने ट्रेनी सॉफ्टवेयर डेवलपर की भर्ती के लिए रखा था। इसमें कम्प्यूटर साइंस, आइटी व इलेक्ट्रॉनिक्स संकायों में बीटेक एवं एमटेक के अलावा एमसीए के वर्ष 2016 बैच के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्लेसमेंट में हिस्सा लेने के लिए वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अलावा मानव रचना कॉलेज आफ इंजीनियरिंग फरीदाबाद, एचएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली तथा गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली से लगभग 650 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें 200 विद्यार्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया। योग्यता, तकनीक तथा कोडिंग पर आधारित तीन चरण में चयन प्रक्रिया आयोजित हुई। परिणाम एक सप्ताह बाद घोषित किए जाएंगे।